Guntakal division of the South Central Railway with the newly formed zone with Headquarters of Bangalore; and

(b) if so, the action taken thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI RAM NAIK): (a) Yes, Sir.

(b) The detailed territorial jurisdiction of South Western Zone has not yet been finalised.

अयोध्या में सरयू नदी पर रेल पुल का निर्माण

2714. **श्री रामगोपाल यादव:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या रेल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अयोध्या, फैजाबाद (उ०प्र०) में सरयू नदी पर रेल पुल के निर्माण हेतु शिलान्यास पूर्व प्रधानमंत्री श्री देवगौड़ा जी, तत्कालीन रेल मंत्री श्री राम विलास पासवान एवं तत्कालीन रक्षा मंत्री श्री मुलायम सिंह यादव की उपस्थिति में किया गया था;

(ख) यदि हां, तो उनकी घोषणाएं क्या हैं;

(ग) क्या उक्त रेल पुल के लिए चालू वित्तीय वर्ष में निधियों का प्रावधान किया गया है;

(घ) यदि हां, तो इसकी लागत क्या है और उसमें से कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ङ) पुल निर्माण के लिए क्या समयावधि निर्धारित की गई है तथा उस पर कुल कितनी राशि व्यय की जाएगी,

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) जी हां।

(ख) कोई विशिष्ट घोषणा नहीं की गई थी।

(ग) जी हां।

(घ) और (ङ): परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 51.26 करोड़ रुपए होगी जिसमें से 31.3.98 तक 9.59 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं और 1998-99 के दौरान 10 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। पुल 3 वर्ष की अवधि में पूरा हो जाने की संभावना है बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हों।

देहरादून और सहारनपुर के बीच रेल सेवा

2715. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देहरादून और सहारनपुर के बीच सीधी रेल सेवा आरंभ करने की दृष्टि से कोई सर्वेक्षण कराया था;

(ख) यदि हां, तो सर्वेक्षण के अनुसार इस मार्ग की क्या लंबाई होगी तथा इस पर कितना अनुमानित व्यय आएगा; और

(ग) क्या सरकार इस योजना को स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) जी हां,

(ख) देहरादून से सहारनपुर (69.350 कि० मी०) तक नई बड़ी रेल लाइन की अनुमानित लागत 374.80 करोड़ रुपए है।

(ग) रेलवे के परामर्श से सर्वेक्षण के परिणामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सर्वेक्षण के परिणामों को अंतिम रूप दे दिए जाने पर ही प्रस्ताव पर आगे विचार करना संभव होगा।

Doubling of Railway line between Kangeri-Ramnagaram

2716. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the Railway has proposed doubling of railway line between Kangeri-Ramnagaram, Yeswantpur-Tumkur, Krishnarajpuram Whitefield and Yelhanka-Chickbalapur;

(b) if so, whether the proposal has been approved by the Planning Commission; if not whether Government would consider taking up this proposal on priority basis, as this proposal will help Bangalore's growing population; and

(c) whether Government would consider to take this project as a separate Project either on BOLT scheme or by promoting a separate Corporation by the Railway and State Government to raise the resources for this project?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI RAM NAIK): (a) Doubling of Kangeri-Ramnagaram and Yeshwantpur-Tumkur has been included in the Railway Budget. Krishnarajpuram- Whitefield is already double line. Quadrupling of this line has been included in the Budget. There is no proposal for duoubling of Yellahanka-Chickbalapur which has only recently been converted from Narrow gauge to broad gauge.

(b) Approval of Planning Commission/ Cabinet Committee on Economic Affairs is not necessary in the case of Kangeri-Ramnagaram while for doubling of Yeshwantpur-Tumkar and quardrupling of Krisharajpuram-Whitefield-Bangalore the requsite clearances have not yet been received. Action in this regard has been initiated.

(c) There is no proposal to take up this work either under Build Own Lease Transfer or through any separate Corporation.

मध्यप्रदेश में रेल लाइन बिछाया जाना

2717. **श्री राधा किशन मालवीय:**
श्रीमती वीणा वर्मा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्यप्रदेश में रेल लाइन बिछाने संबंधी कुछ प्रस्ताव सरकार के पास लंबित हैं;

(ख) यदि हां, तो उक्त परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन परियोजनाओं को अनुमोदित करने और उनका निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) जी हां।

(ख) और (ग) ब्यौरे निम्न प्रकार से हैं:—

	परियोजना का नाम	मौजूदा स्थिति
(i)	ललितपुर-सतना, रीवा-सिधी, सिंगरौली और महोवा-खजुराहो नई रेल लाइन	यह एक अनुमोदित कार्य है और आवश्यक स्वीकृति प्राप्त किए जाने के पश चात् कार्य शुरू किया जाएगा।
(ii)	विश्रामपुर-अम्बिकापुर नई रेल लाइन	यह एक अनुमोदित कार्य है और योजना आयोग से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त हो जाने के पश चात् कार्य शुरू किया जाएगा।
(iii)	दल्लीराजहरा-जगदलपुर नई रेल लाइन	यह लाइन लागत की भागीदारी के आधार पर स्वीकृत की गई है और मैसर्स स्टील अथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा अपने हिस्से की जमा कर दिए जाने और राज्य सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध कर दिए जाने के बाद कार्य शुरू किया जाएगा। इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर पहले ही हस्ताक्षर हो चुके हैं।

Progress Regarding B.G. Line Between Solapur-Hoolagaadaz

2718. SHRI JANARDHANA POOJARY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the progress so far made with regard to broad gauge line between Solapur-Hoolagaadaz; and

(b) the expenditure likely to be incurred in this regard and the money sanctioned?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI RAM NAIK): (a) Hotgi-Bijapur gauge conversion has been completed and section commissioned to traffic. Work on